निविदा संख्या: वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 3675

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

जनगणना भवन प्लाट सं0सीसी-1
सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ-226024
दिनांक: जनवरी 15, 2013.

-:: निविदा सूचना ::-

अवगत कराना है कि जनगणना निदेशालय, उ0प्र0 के अन्तर्गत निम्नलिखित जनपदों में मातृभाषा से सम्बन्धित सर्वेक्षण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाना है ।

1. जनपद बाराबंकी - देहाती मातृ भाषा
2. जनपद फिरोजाबाद - मैनपुरी - "
3. जनपद लखनऊ - तलफा तलंग "
4. जनपद सुल्तानपुर - उतनिया "
5. जनपद सीतापुर - [illegible] "
6. जनपद हमीरपुर - बाघेली "
7. जनपद जौनपुर - प्रतापगढ़ी "

उक्त कार्य की विडियो ग्राफी भी की जानी है । यदि आप उपरोक्त जनपदों में मातृभाषा सर्वेक्षण की विडियो ग्राफी करने के इच्छुक हों तो अपनी निविदा विलम्बतम दिनांक 25-1-2013 सायं 3=00 बजे तक संलग्न प्रारूप पर जनगणना कार्य निदेशालय "जनगणना भवन प्लाट सं0सीसी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ" में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते है । निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार्य नहीं होंगी । निविदा के नियम व शर्तें निम्नवत लागू रहेंगे :-

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसचित बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर/बैंक गारन्टी रू0 17,000=00 (रूपया सत्रह हजार) मात्र (जो आहरण एवं वितरण अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो) संलग्न करना अनिवार्य है ।
2. प्रथम न्यूनतम दर वाली फर्म की ई0एम0डी0 कार्य पूर्ण होने तक जमा रहेगी। तथा अन्य फर्मो की ई0एम0डी0 न्यूनतम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि तक जमा रहेगी ।
3. निविदा में दी गई दरें एक वर्ष के लिए मान्य होंगी ।
4. (i) एक मात्र भाषा के आठ सेट डी.वी.डी. पर बनाने होंगे
   (ii) मातृभाषा के प्रत्येक सैम्पल की तीन कापी डीवीडी पर बनानी होंगी जिसमें एक ओरिजनल एवं 2 कापी होंगी ।
   (iii) मातृभाषा के प्रत्येक सैम्पल की डी.वी.डी. पर स्पष्ट रूप से डी.वी.डी. का क्रमांक, राज्य/जिला/तहसील के साथ-साथ मातृभाषा का नाम दर्ज करना होगा। इसके अतिरिक्त उत्तर दाता का नाम एवं प्रकार, तिथि, समय आदि भी अंकित/दर्ज करना होगा ।
5. उपरोक्त कार्य निम्नलिखित उपकरणों के द्वारा ही किया जावेगा :-
   (i) हाई डेफिनेशन विडियो कैमरा माडल सोनी जैड-7 एचडीवी/सोनी 170 पी.डी./पैनासोनिक एम.डी. 9000
   (ii) कालर माईक सेनेजर ईडब्लू 112

(iii) जूम एच-4 आडियो रिकार्डर ।

6. प्रत्येक सैम्पल यूनिट में 7 - 8 कार्य दिवस रिकार्डिंग की जावेगी ।

7. दरें प्रति दिन प्रति सेट (जिसमें डी.वी.डी. की दरें भी सम्मिलित होंगी) के आधार पर देनी होंगी ।

8. प्रत्येक विडियो ग्राफर के साथ एक सहायक का रहना भी अनिवार्य है ।

9. निविदा के साथ नवीनतम वाणिज्य कर:वैट अदायगी प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

10. फर्म का टिन नं0 एवं पैन कार्ड की फोटो कापी संलग्न करनी होगी ।

11. निविदा दाता को जनगणना कार्य निदेशालय/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्था आदि द्वारा काली सूची में न होने का स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।

12. न्यूनतम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि से तीन माह के अन्दर कार्य पूर्ण करना होगा ।

13. निविदा दिनांक 25-1-2013 को शायं 4=00 बजे निविदा दाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा खोली जावेंगी ।

14. निविदा को मान्य/अमान्य अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पास सुरक्षित होगा । तथा निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के वाद-विवाद में सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ का निर्णय अन्तिम होगा जो निविदा दाताओं को मान्य होगा ।

15-1-2013

(आर0एस0मीना)
उप निदेशक

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना भवन प्लाट सं0सीसी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ द्वारा जारी निविदा संख्या वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- दिनांक में निर्धारित नियम एवं शर्तों से मैं सहमत हूँ । तथा सहमत होने पर ही मातृभाषा से सम्बन्धित सर्वेक्षण कार्य की विडियो, ग्राफी हेतु डीवीडी सहित दरें निम्नवत् प्रस्तुत कर रहा हूँ:-

- -

प्रति दिन एवं प्रति सैट की डी0वी0डी0सहित दर रू0

- -

हस्ताक्षर ....

नाम ....

फर्म का नाम एवं पता

मुहर